NT>

Title: Need to provide telephone connections in Lohardagga Parliamentary Constituency with WLL system.

प्रो. दुखा भगत (लोहरदगा) : महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत लतिहार, गुमला, पलामू एवं लोहरदगा जिलों में कई ब्लॉक ऐसे हैं जिनको अभी तक टेलीफोन से नहीं जोड़ा गया है। जिसके कारण आजादी के 55 साल के बाद भी यहां के नागरिक दूरसंचार की प्रगति एवं दूरसंचार के विकास कार्यों के लाभ से वंचित हैं। मेरी जानकारी में आया है कि डब्ल्यू.एल.एल. तकनीक के माध्यम से दूरदराज इलाकों को टेलीफोन की सेवा से जोड़ा जा सकेगा। मेरा संसदीय क्षेत्र आदिवासी बाहुल्य एवं अत्यंत पिछड़ा क्षेत्र है और व्यापार तो बिना टेलीफोन के हो नहीं सकता है।

सदन के माध्यम से मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र की प्रत्येक ग्राम पंचायतों को टेलीफोन की सेवा से तत्काल जोड़ा जाए जिससे यहां के लोगों को भी विकास की राट्रीय धारा़ में लाया जा सके।